## हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने हत्या के प्रयास में दो अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त फरसा के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि टोड की पुलिया देवसेरस गठौली रोड देवसेरस के पास थाना गोवर्धन जनपद मथुरा से दो अभियुक्तों योगेन्द्र पुत्र बनवारी, सुशील पुत्र ब्रजमोहन निवासीगण देवसेरस थाना गोवर्धन को घटना में प्रयुक्त एक फरसा के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त योगेन्द्र पुत्र बनवारी, सुशील पुत्र ब्रजमोहन के विरुद्ध थाने पर अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गई है।

## कांग्रेस ने गृहमंत्री की कथित टिप्पणी पर रखा अपना पक्ष

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यालय पर बुलाई प्रेसवार्ता में रखा अपना पक्ष



**मथुरा।** गृहमंत्री की डा.बीआर अम्बेडकर पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर है। जिला कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी ने अलग अलग प्रेसवार्ता कर इस मुद्दे पर पार्टी का पक्ष रखा। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एड ने जिला कार्यालय बुलाई गई प्रेस वार्ता में इस मुद्दे पर पार्टी का पक्ष रखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया गया है। देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्य के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। क्षमता समानता और न्याय की डॉ. बाबा साहब के आदर्श पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई राज नहीं आई। सत्ता पक्ष लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश करता रहा। यही नहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मानसिकता उजागर कर दी। अमित शाह ने कहा कि यह एक फैशन हो गया है। शहर कांग्रेस कमेटी ने शहर कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। इस दौरान शहर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि, मुकेश धनगर, पार्षद पुनीत बघेल, उमाशंकर शर्मा, अप्रतिम सक्सेना, विपुल पाठक, जिलानी कादरी, मनोज गौड, राजकुमार शर्मा, पूरन सिंह, अमित राज, अनूप गौतम, संजय सक्सेना इस दौरान मौजूद रहे।

## गोविंद नगर सडक को किया जाएगा नए रूप में विकसित

### नगर आयुक्त ने संबंधित विभागों के साथ की बैठक



**मथुरा।** नगर आयुक्त द्वारा अर्बन रोड़ इन्फ्रास्टचर डेवलपमेन्ट एजेन्सी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रीन रोड़ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट योजनान्तर्गत निर्माणाधीन गोविन्द नगर सड़क का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य प्रारम्भ किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागों जलकल, ड्रेनेज एवं सीवरेज इकाई उत्तर प्रदेश जल निगम, दक्षिणांचल विद्युत वितरण खण्ड कृष्णानगर के साथ समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक के उपरान्त स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना की गाइडलाइन के अनुसार कार्य प्रारम्भ किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागों को कार्ययोजना तैयार कर कार्यालय में उपलब्ध कराते हुए कार्य स्थल पर यथाशीघ्र प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये गये। इस कार्य के पर्यवेक्षक अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त को नोडल नामित किया गया एवं उन्हें निर्देशित किया गया कि कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या अथवा कमी के संबंध में तत्काल अवगत कराया जाए। इसी के साथ कार्य में लगे सभी संबंधित विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि मौके पर उपस्थित रहकर अपने निर्देशन में कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक जलकल, अधिशासी अभियन्ता दक्षिणांचल विद्युत वितरण खण्ड, परियोजना प्रबन्धक ड्रेनेज एवं सीवरेज ईकाई उत्तर प्रदेश जल निगम, अपर नगर आयुक्ता नगर निगम मथुरा वृन्दावन, प्रभारी मुख्य अभियन्ता नगर निगम मथुरा वृन्दावन, सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, डेरा कन्सल्टेन्ट एवं मैसर्स नेशनल हाईवें कन्स्ट्रक्शन के प्रोपराइटर आदि उपस्थित रहें।

## यमुना भक्तों ने पद्मश्री रमेश बाबा का 87 वां जन्मदिन मनाया



मथुरा। पद्मश्री संत रमेश बाबा महाराज का 87 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। यमुना भक्तों ने यमुना के श्याम घाट पर यमुना पूजन कर उनका जन्मदिन मनाया। इस पर पर भारतीय जनता पार्टी नमामि गंगे के बृज क्षेत्र सहसंयोजक पंकज चतुर्वेदी ने बताया उनका सन 1938 में पौष मास कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मध्याह्न 12 बजे बाबा का जन्म हुआ। बाबा ने प्रयागराज में ही विद्या ग्रहण की। वहीं उन्होंने बताया संत रमेश बाबा ने ब्रज के पौराणिक स्वरूप को बचाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। वहीं उन्होंने इकलौते संत रमेश बाबा हैं,जिन्होंने ब्रज के पौराणिक स्वरूप को वापस लाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।बाबा की प्रेरणा से आज देश के 32 हजार गांवों में हरिनाम संकीर्तन चल रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन मोहन श्रीवास्तव पार्षद विजय शर्मा श्याम शर्मा अनूप गौतम भूपेंद्र चतुर्वेदी उर्फ गप्पी राजू चतुर्वेदी नरेंद्र चतुर्वेदी कपिल चतुर्वेदी सर्वेश चतुर्वेदी विजय चतुर्वेदी रिंकू चतुर्वेदी लालू चतुर्वेदी भोले गुरूमगन चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

# नए वर्ष पर कान्हा की नगरी में उमडेगी लाखों की भीड

### नए साल पर मंदिरों उमड़ी भारी भीड़, मंदिरों में की जा रहीं अतिरिक्त व्यवस्थाएं



**मथुरा।** नए साल का आगाज करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु कान्हा की नगरी में आएंगे। मंदिरों में भीड भाड रहेंगी। इसक लिए मंदिरों में अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही हैं जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में सुगमता रहे। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के लिए एडवाइजरी जारी की है। नव वर्ष पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि बुजुर्ग, बच्चे और बीमार इस अवसर पर संभव जितना संभव हो भीड भाड से बचें। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि बेहतर है कि नव वर्ष के अवसर पर बीमार व्यक्ति, बच्चे और बुजुर्गों को साथ ही न लाएं। जिला प्रशासन भी अपनी ओर से पूरे प्रबंध करने में जुटे हैं। विख्यात श्री द्वारकाधीश मंदिर में 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन हेतु विशेष व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई है। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठा. द्वारिकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट के अनुसार मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं क्योंकि शरद कालीन अवकाश में लोग 25 दिसंबर से दिसंबर से पांच जनवरी तक नव वर्ष पर आते हैं और अपने आराध्य के दर्शन करते हैं इसलिए किसी भी श्रद्धालुओं को कोई तकलीफ ना हो इसका विशेष ध्यान मंदिर प्रशासन द्वारा रखा गया है। श्रद्धालुओं के लिए मुख्य द्वार से प्रवेश दिया जाएगा और अन्य दो द्वारों से निकास की व्यवस्था की गई है श्रद्धालु मंदिर द्वारा निर्धारित जूता घर और सामान घर पर ही अपने जूता चप्पल एवं क़ीमती सामान रखें और यह व्यवस्था मंदिर के दोनों गेटो पर की गई है एक मुख्य द्वार पर और दूसरा बजरिया की तरफ बने गेट पर भी जुता घर चालू है। श्रद्धालु जिनकी उम्र अधिक है और बुजुर्ग है वह कृपया भीड़ भाड़ में आने से बचे व बच्चे जो पांच साल से कम उम्र के हैं उनको कृपया साथ ना लाएं। गर्भवती महिला भी भीड़ भाड़ में आने से बच्चे मंदिर द्वारा निर्धारित पुरुष और महिला के लिए अलग अलग व्यवस्थाएं की गई है। प्राचनी मंदिरों के अलावा वृंदावन स्थित नए मंदिर भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बन रहे हैं। इस्कॉन, प्रेम मंदिर, प्रियाकांत जू आदि मंदिरों पर भी ऐसे अवसरों में खूब भीड उमड़ती है।

## 50 हजार के इनामी को एसओजी ने मुठभेड़ के बाद दबोचा

### शातिर फरमान पर 22 की उम्र में दर्ज है 20 मुकदमे, पांच मामले चल रहा था फरार



**मथुरा।** एसओजी टीम द्वारा की गयी बडी कार्यवाही में पुलिस ने मुठभेड़ में कई थानों से वांछित 50 हजार के इनामी शातिर गैंगस्टर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। शातिर फरमान पुत्र शेर मौहम्मद निवासी सुखदेवनगर सौख रोड थाना कोतवाली जनपद मथुरा के थाना सुरीर, यमुना पार व फरह में गैगस्टर, डकैती, लुटेर के पांच मुकदमों में वांछित चल रहा था। फरार चल रहे फरमान के उपर 50 हजार रुपये का इमान घोषित था। रविवार को यमुना एक्सप्रेस वे आगरा से नोएडा माइलस्टोन 104 के पास थाना क्षेत्र मांट मथुरा में पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरमान पुलिस की गोली लगाने से घायल हो गया। फरमान के कब्जे से एक तमंचा, छह जिन्दा, चार खोखा कारतूस, चोरी के 6000 रुपये व चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद हुई है। बदमाश के दोनों पैरो में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद मथुरा में करीब दो दर्जन डकैती, लूट, गैंगस्टर एक्ट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के मुकदमें पंजीकृत हैं। शातिर बदमाश फरमान ज्वेलर्स, कैश कलेक्शन करने वालों, बिल्डिंग मटेरियल व खाद बीज की दुकान के दुकानदारों के साथ अपने साथियों के साथ मिलकर डकैती व लूट की घटनाओं को अंजाम देताा था।

## भारतीय स्टेट बैंक ने किया अन्नदाताओं का सम्मान

### अन्नदाता महोत्सव का किया गया आयोजन



**मथुरा।** भारतीय स्टेट बैंक कृषि वाणिज्यिक शाखा कोसी कलां में अन्नदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। सहायक महाप्रबंधक उत्तम कुमार ने क्षेत्र के अन्नदाताओं का सम्मान कर कहा कि किसानों से ही देश का भला हो सकता है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने पाल पंच कश्यप, उमराव गांव तूमौला, लालसिंह, सुखीराम गांव धर्मनगर, छीतो मुकदमा बुखरारी, कपूर बरहाना, भीमसिंह, राजेन्द्र हताना, गोविंदराम, यंगदत्त गांव गिडोह ओमप्रकाश, राजेन्द्र गांव सुरवारी आदि किसानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उसके बाद किसानों की आय बढ़ाने एवं कृषि क्षेत्र में हो रही विकास से अवगत कराते हुए कहा कि अधिकतर किसान एवं मजदूर वर्ग खेती पर निर्भर है। किसानों को उनके कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त और समय पर ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किसान समृद्धि ऋण दिया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड ऋण सबसे कम ब्याज दर पर 10 दिन ही भुगतान कर दिया जाता है। ऋण को समय पर चुकता करने पर ब्याज में छूट दी जाती है। चुककर्ता ऋणी एवं मृतक किसानों के परिवारजन ऋण का चुकता करें और दूवारा ऋण लेकर योजनाओं का लाभ उठायें। क्षेत्रीय कार्यालय मथुरा से आये उदित बजाज ने बेरोजगारों को सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत आटा चक्की, तेल मिल, डेयरी उद्योग आदि योजनाओं से अवगत कराया। जिससे किसानों एवं व्यापारियों को आय में वृद्धि हो सके। कॉडिनेटर तुलसीदास गुप्ता ने अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए मामूली प्रीमियम पर बैंक की बीमा योजनाओं का लाभ उठाने का अग्रह किया। मौके पर ही श्किसान समृद्धि ऋणश् के अन्तर्गत टेकचन्द, भीमसिंह, राजेन्द्र को 25-25 लाख और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 6-6 लाख का ऋण वितरण किया। किसानों के द्वारा उठाई गई ऋण सम्बन्धी समस्याएं का समाधान करते हुए बताया कि ऋण खसरा, खतौनी, हिस्सेदारी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो, सिविल रिपोर्ट के आधार पर दिया जाता है। मंच संचालन सौभना कुमारी ने और शाखा प्रबंधक सुरेश कुमार ने सभी किसानों का आभार व्यक्त किया। विजयकुमार राठौर, मूलचन्द कर्दम, उमेश कुमार, कैशियर निधि शर्मा, यमीनी कुमारी, निकेत गामरे, जयदेवी आदि मौजूद रहे।

## क्रिप्टोकरेंसी पर फिदा लखनऊ वाले: रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा, मेट्रो शहरों से निकल बी-टाउन भी बढ़ा क्रेज



**लखनऊ , एजेंसी।** बिटक्काइन व डॉजक्काइन सहित बाजार में चल रहीं एक दर्जन से ज्यादा क्रिप्टोकरेंसी निवेश का बड़ा विकल्प बन गई हैं। मेट्रो शहरों से निकलकर इनका विस्तार बी टाउन तक हो गया है। क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के मामले में देश के शीर्ष दस शहरों में लखनऊ ने आठवां स्थान हासिल किया है।

राजधानी लखनऊ के 2.4 फीसदी निवेशकों ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किया है। इसका खुलासा भारत के क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कॉइनस्विच ने अपनी वार्षिक निवेशक रिपोर्ट- इंडियाज क्रिप्टो पोर्टफोलियो में किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक बिटक्काइन जैसी पारंपरिक व बेहद महंगी करेंसी में निवेश के बजाय अन्य करेंसी में निवेशकों की रुचि ज्यादा हुई है। एक बिटक्काइन की कीमत आज 82 लाख रुपये से ज्यादा है, यह दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी है। इसी वजह से एक वर्ष में क्रिप्टोकरेंसी डॉजक्काइन में सर्वाधिक निवेश किया गया। पेपे ने 1,300 फीसदी की वृद्धि दर हासिल की।

रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ के 85 फीसदी निवेशकों को सकारात्मक रिटर्न मिला है। यहां के क्रिप्टो निवेशकों में 79 फीसदी पुरुष और 21 फीसदी महिलाएं हैं। कॉइनस्विच के उपाध्यक्ष बालाजी श्रीहरि ने बताया कि यह वर्ष क्रिप्टो इकोसिस्टम के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है। राजनीतिक और नियमों के बदलाव ने क्रिप्टो को मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ाया है, जो निवेश पहले केवल प्रमुख मेट्रो शहरों तक सीमित था, वह अब तेजी से टियर-2 और टियर-3 शहरों तक फैल रहा है। इससे यह भी पता चलता है कि भारतीय निवेशक अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रहे हैं और छोटी व नई क्रिप्टोकरेंसी से लेकर बाजार में स्थापित करेंसी तक में पैसा लगा रहे हैं। भारत के क्रिप्टो निवेश का 36 प्रतिशत से अधिक हिस्सा तीन सबसे बड़े महानगरों दिल्ली (20.1 प्रतिशत), बंगलूरू (9.6 प्रतिशत) और मुंबई (6.5 प्रतिशत) के पास। कोलकाता और गुजरात के बोटाड पहली बार शीर्ष 10 क्रिप्टो अपनाने वाले शहरों में शामिल।

शीर्ष 10 शहरों में पुणे सबसे अधिक सफल निवेशकों वाला शहर, जहां 86 प्रतिशत निवेशकों को सकारात्मक रिटर्न मिला।

## कड़कनाथ मुर्गा : सबसे महंगा बिकता है अंडा, एक भी पाल लेंगे तो बदल जाएगी किस्मत...





**आगरा , एजेंसी।** मुर्गी पालक किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें जिले में ही कड़कनाथ प्रजाति की मुर्गी के चूजे आसानी से उपलब्ध होंगे दो दिसंबर 2024 से कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी में कड़कनाथ प्रजाति की मुर्गी का पालन हो रहा है। बुधवार को वैज्ञानिकों ने इस प्रजाति की मुर्गी की विशेषताओं की जानकारी दी।

पशुपालन विशेषज्ञ धर्वेंद्र सिंह ने बताया कि कड़कनाथ की तीन प्रजातियां ( जेट ब्लैक, पेंसिल्ड और गोल्डन) होती हैं। केंद्र पर जेट ब्लैक प्रजाति की कड़कनाथ मुर्गी का पालन किया जा रहा है। इस समय जेट ब्लैक प्रजाति के 30 लेयर और 120 चूजे हैं। इससे पहले गोल्डन प्रजाति के कड़कनाथ भी केंद्र पर पाले गए हैं। दोनों प्रजाति की विशेषता लगभग समान ही होती है। इसका औसत वजन 1.80 से 2.0 किलोग्राम तक होता है। मादा कड़कनाथ प्रतिवर्ष 60 से 80 तक अंडे देती है। एक अंडे की कीमत 20-30 रुपये है। इस प्रजाति की मुर्गी-मुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। किचन के अवशेष, हरा चारा व सामान्य दाना पानी देकर भी इसे पाला जा सकता है। कड़कनाथ मुर्गी के अंडे मध्यम आकार के हल्के भूरे गुलाबी रंग के होते हैं। यह प्रजाति अपने काले मांस जो उच्च गुणवत्ता, स्वादिष्ट एवं औषधीय गुणवत्ता के कारण जानी जाती है। लेकिन धीरे-धीरे इसकी संख्या में कमी एवं आनुवंशिक विक्रति के कारण इसका अस्तित्व खतरे में है। सामान्य तौर पर यह किसानों को उपलब्ध नहीं हो रही है। इसी को देखते हुए केंद्र पर अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह चौहान के सानिध्य में टीम ने कड़कनाथ प्रजाति की मुर्गी का पालन शुरू किया है।

### कड़कनाथ को काली मांसी के नाम से भी जानते हैं

कृषि प्रसार विशेषज्ञ शिवम प्रताप ने बताया कि कड़कनाथ मुर्गी का मांस, चोंच, जुबान, टांगे, नाखून, चमड़ी, कलंगी आदि काली होती है। यह मिलैनिन पिगमेंट की अधिकता के कारण होता है। जो हृदय व मधुमेह रोगियों के लिए उत्तम आहार है। इसका मांस स्वादिष्ट व आसानी से पचने वाला व अधिक प्रोटीन और कम वसायुक्त होता है। इसे काली मांसी के नाम से भी जाना जाता है। इसी विशेषता के कारण बाजार में इसकी मांग भी अधिक रहती है।

### फरवरी माह में प्राप्त कर सकते हैं चूजे

केंद्र के स्टॉक इंचार्ज संदीप अग्रवाल ने बताया कि केंद्र पर 100 अंडो के लिए एक हैचरी मशीन भी उपलब्ध है। कुछ समय बाद इनके अंडों से हेचरी द्वारा चूजों को निकाला जाएगा। एक चूजे की कीमत लगभग 100 रुपये है। आगामी फरवरी माह में चयनित गांवों में केंद्र की हैचरी यूनिट से घर के पिछबाडे मुर्गीपालन योजना के तहत जनपद के मुर्गी पालकों को पोल्ट्री चिक्स उपलब्ध कराएं जाएंगे।

फरवरी माह में मुर्गी पालक कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी पर आकर चूजे प्राप्त कर सकते हैं।

### ऐसे करें पालन

पशुपालन विशेषज्ञ ने बताया कि इसके 100 चूजों को पालने के लिए 150 वर्ग फीट जगह की जरूरत होती है। शेड में साफ-सफाई रखें और उसमें पानी और बिजली की व्यवस्था करें।

## सोशल मीडिया पर दरोगा ने युवती से की दोस्ती, शारीरिक शोषण किया, गर्भपात की दवा भी खिलाई





**हरदोई , एजेंसी।** वाराणसी के लंका थाने में तैनात दारोगा ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण किया। आरोप है कि गर्भवती हो जाने पर गर्भपात की दवा खिला दी। युवती सोशल मीडिया के जरिए दरोगा के संपर्क में आई थी। अब एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली में दरोगा के खिलाफ शारीरिक शोषण का मामला दर्ज किया गया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती (28) ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए उसका संपर्क वाराणसी जनपद के लंका थाने में तैनात उपनिरीक्षक आशीष कुमार यादव से हुआ था। महिला के मुताबिक आशीष ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया।

**दूसरी युवती से हो गई थी सगाई:** कई बार अलग-अलग होटलों और परिचितों के कमरे में बुलाकर शोषण किया। छह अक्तूबर को आशीष यादव की सगाई दूसरी युवती से हो गई। इसकी जानकारी पीड़िता को हुई तो, उसने आरोपी से बात की। इस पर आरोपी उससे मिलने के लिए हरदोई आया और एक होटल में दोनों के बीच बातचीत हुई।

**गर्भपात की दवा भी खिला दी:** आरोप है कि होटल में भी उसने पीड़िता का शारीरिक शोषण किया। यह भी आरोप है कि गर्भवती हो जाने की आशंका में उसे गर्भपात की दवा खिला दी। उसने वाराणसी बुलाकर मंदिर में शादी की बात कही, लेकिन वहां भी एक लॉज में उससे संबंध बनाए।

**शिकायत न करने का वीडियो भी बनवाया:** युवती का कहना है कि उपनिरीक्षक उसे और उसके परिजनों को धमकी दे रहा है। उसका मोबाइल छीनकर आरोपी ने फोटो और व्हाट्सएप चैट डिलीट कर दी। स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करवाए और शिकायत न करने का वीडियो भी जबरन बनवाया लिया।

**जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा:** युवती की तहरीर पर पुलिस ने शहर कोतवाली में दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जाएगी।

**ये कहता है नया कानून:** नए कानून में दुष्कर्म को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। दुष्कर्म तभी माना जाएगा जब जबरन संबंध बनाया जाए। यहां ऐसा नहीं है, बल्कि पीड़िता को युवक के बारे में पहले से पता था, वह झांसे में आकर खुद संबंध बनाने के लिए कहीं न कहीं तैयार थी।